प्रेस विज्ञप्ति

तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

इरेडा हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए टैंजेडको (टीएएनजीईडीसीको) को सपोर्ट करेगा; समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

चेन्नई, 6 सितंबर, 2021

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (टीएएनजीईडीसीको) के साथ अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को विकसित करने और फंड जुटाने में अपनी तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया ।

इस एमओयू पर इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास और टैंजेडको के सीएमडी, श्री राजेश लखोनी ने तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री, श्री एम.के. स्टालिन, तमिलनाडु सरकार के बिजली, मद्य निषेध और उत्पाद शुल्क मंत्री, श्री वी. सेंथिल बालाजी, तमिलनाडु के मुख्य सचिव, श्री वी. इराई अंबू, तमिलनाडु के ऊर्जा सचिव श्री धर्मेंद्र प्रताप यादव,इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह, टैंजेडको के निदेशक (वित्त), श्री के सुंदरवधानम, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की भव्य उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

इस समझौता ज्ञापन के तहत, इरेडा अक्षय ऊर्जा परियोजना के विकास, बोली प्रक्रिया प्रबंधन और कार्यान्वयन समर्थन के लिए टैंजेडको को अपनी तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान

करेगा। इरेडा वित्तीय मॉडल विकसित करने, बाजार के साधन को समझने में सहायता, प्रस्तावित ऋण आवश्यकता के लिए अंडरराइटिंग सेवाओं, और संभावित निवेशकों के बीच रुचि पैदा करने के लिए पूर्व-बाजार सर्वेक्षण और रोड शो आयोजित करने के माध्यम से ऋण जुटाने के लिए भी टैंजेडको की सहायता करेगा।

एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए, इरेडा के सीएमडी ने कहा: " यह एमओयू माननीय प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए इरेडा के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डालता है। यह दो संगठनों के बीच सही तालमेल प्राप्त करने के लिए इरेडा और टैंजेडको के लिए एक परिवर्तनकारी अवसर है। यह दो संगठनों के बीच ज्ञान शेयर करने की सुविधा प्रदान करेगा और परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा जिससे देश में सतत विकास करने के लिए योगदान देगा। हम अन्य राज्य सरकार के लिए तथा साथ ही साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के विकास करने के लिए अपनी परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

यह समझा जाता है कि तमिलनाडु में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास की अपार संभावनाएं हैं। तदनुसार, टैंजेडको द्वारा दक्षता नवीकरणीय एकीकरण के लिए पर्याप्त बैटरी भंडारण, 3,000 मेगावाट की पंप भंडारण जल विद्युत परियोजना और 2,000 मेगावाट गैस आधारित बिजली संयंत्र सहित, 20,000 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की योजना बनाया जा रहा है। उपरोक्त परियोजनाओं के लिए आवश्यक अनुमानित ऋण लगभग 1,32,500 करोड़ रुपये (लगभग) है। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता के रूप में इरेडा, आरई परियोजनाओं के लिए वित्तीय आवश्यकताओं को पूरी करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।